# AWG धारदार हथियार से हमलों के विरुद्ध जागरूकता और रोकथाम



## पृष्ठभूमि

धारदार हथियारों से हमले महत्वपूर्ण अवसंरचना से जुड़े कर्मचारियों तथा सार्वजनिक समारोहों के आयोजन स्थलों या कार्यक्रमों की सुरक्षा के लिए संभावित खतरा पैदा करते हैं। हमलावर लोगों को निशाना बनाने और चोट पहुँचाने या जान से मारने के लिए चाकू, छूरी, कुल्हाड़ी, बॉक्स कटर जैसे धारदार हथियारों और अन्य नुकीले औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक हमलों में से लगभग 20%** जिनका नेशनल थ्रेट असेसमेंट सेंटर द्वारा अध्ययन किया गया है, में धारदार हथियारकाइस्तेमाल किया गया था।[1]

धारदार हथियारों से हमलों का अनुमान लगाना मुश्किल भरा होता है क्योंकि अपराधी हमला करने से पहले अक्सर कुछ ही, यदि कोई हो, संकेत देते हैं। इसके अलावा, चाकू और अन्य धारदार हथियारों को प्राप्त करना और छिपाना आसान होता है, जिससे कुछ व्यक्तियों के लिए तयशुदा हथियार बन जाते हैं। आयोजन स्थल स्वामी और संचालक प्रशिक्षण, जानकारी बाँटने और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर ज़ोर देने के लिए अनके आसानी से लागू करने योग्य उपाय कर सुरक्षा को प्राथमिकता देने में मदद कर सकते हैं। इन जोखिमों का प्रतिकार करने के लिए, महत्वपूर्ण अवसंरचना और आयोजन स्थल स्वामी और संचालक संरक्षकों, आगंतुकों और कर्मियों की सुरक्षा करने के लिए आयोजनों से पहले और आयोजनों के दौरान सुरक्षा प्रदान करने वाले उपाय लागू कर सकते हैं।

## डर का वातावरण

प्राधिकारी धारदार हथियार से हमले की घटनाओं के लिए विभिन्न मंशाओं को उत्तरदायी ठहराते हैं, जिनमें आतंकवाद, घरेलू हिंसक उग्रवाद और अन्य आपराधिक गतिविधि शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। महत्वपूर्ण अवसंरचना के पास या उसके भीतर के क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले हादसों के उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

**सेंट क्लाउड, मिनेसोटा**
सितंबर 2016 शॉपिंग मॉल
10 लोग घायल हुए[2]

**न्यूयॉर्क, न्यूयॉर्क**
दिसंबर 2022
टाइम्स स्क्वायर
नव वर्ष की पूर्व संध्या का जश्न 3 पुलिस अधिकारी घायल हुए[3]

**रुस्टन, लुइसियाना**
नवंबर 2023 विश्वविद्यालय परिसर 3 लोग घायल हुए,
1 व्यक्ति मारागया[4]

**मनसास, वर्जीनिया**
फरवरी 2024
वर्क ट्रेनिंग सेंटर 2 लोग घायल हुए,1 व्यक्ति मारागया[5]

**रॉकफोर्ड, इलिनॉइस**
मार्च 2024 रिटेल स्टोर 1 व्यक्ति मारा गया[6]

**सिडनी, ऑस्ट्रेलिया**
अप्रैल 2024
शॉपिंग मॉल 12 लोग घायल हुए, 6 लोग मारे गए[7]

**साउथपोर्ट, यूनाइटेड किंगडम**
जुलाई 2024
सामुदायिक केंद्र कार्यक्रम 7 लोग घायल हुए,
3 लोग मारे गए[8]

**सोलिंगेन, जर्मनी**
अगस्त 2024
म्यूज़िक फेस्टिवल
8 लोग घायल हुए,
3 लोग मारे गए[9]

## रोकथाम

धारदार हथियार से हमले के आधार पर **सुरक्षा आंकलन कर**, आयोजन स्थल या सुविधा की अनन्य सुभेद्यताओं का आंकलन करें।

**सक्रिय निगरानी और स्थितिजन्य जागरूकता बनाए रखें।** निगरानी किए गए वीडियो सर्विलांस सिस्टम का उपयोग करें जो प्रमुख सम्मेलन क्षेत्रों का स्पष्ट तस्वीर प्रदान करता हो। प्रमुख क्षेत्रों में सुरक्षा गार्ड्स या वालंटियर्स को तैनात करें जिनकी विशिष्ट ज़िम्मेदारी भीड़ की जाँकरना और चिंताजनक व्यवहार या हथियार के खतरों के प्रति सतर्क रहनाा हो।

CISA की एमप्लॉई विजिलेंस थ्रू द पावर ऑफ हैलो की तकनीकों का उपयोग कर संभावित रूप से चिंताजनक व्यवहारों को सक्रिय रूप से **पहचानकर उनकी सूचना** दें।

**रिपोर्टिंग की सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा दें,** जिससे कि आस-पास के लोगों और कर्मियों को If You See Something, Say Something® सिद्धांत का पालन करने में संकोच न हो।

स्थिर-अवस्था वाले संचालनों और विशेष रूप से आयोजनों के लिए **निषिद्ध वस्तुओं की एक विशिष्ट सूची बनाकर स्पष्ट रूप से सूचित करें**। कर्मचारियों, आयोजन के कर्मचारियों, वालंटियर्स और उपस्थित लोगों से साझा करें। संचार में टिकटिंग ऐप्स, सोशल मीडिया, ईमेल, फैसिलिटी और पार्किंग क्षेत्र के भीतर संकेतपट्ट, वीडियो बोर्ड्स और/या समय-समय पर घोषणाएँ शामिल हो सकती हैं। सालाना अपडेट करें।

छुरी-कांटा, कैंपिंग सप्लाईज़, तेज़ या दाँतेदार औजार, या अन्य वस्तुएँ, जिनका हथियार के रूप में उपयोग किया जा सकता है, बेचने वाली वाणिज्यिक सुविधाओं में **लॉक्ड रिटेल डिस्प्ले का उपयोग करें।** इन डिस्प्लेज़ तक पहुँच केवल प्रबंधकों या अधिकृत कर्मियों को उपलब्ध कराने पर विचार करें।

## जाँच

आँखों से और संभवतः मैग्रेटोमीटर जाँच कवायदों सहित **आगंतुक जाँच को लागू करें।**

जहाँ संभव हो **बैग जाँच प्रक्रियाओं और नीतियों को लागू करें,** जिससे कुछ आयोजन स्थलों और कार्यक्रमों में संभावित रूप से केवल निर्दोष बैगों की अनुमति होगी। किसी कार्यक्रम से पहले टिकटिंग जानकारी में सभी बैग जाँच और निषेध नीतियाँ सूचित करें और आयोजन स्थल के प्रवेश द्वार पर निर्दोष बैग उपलब्ध कराने पर विचार करें। अधिक जानकारी के लिए CISA की पब्लिक वेन्यू बैग सर्च प्रोसीजर्स गाइड पर जाएँ।

**जाँच के लिए एक समग्र दृष्टिकोण लागू करने पर विचार करें** जिसमें भौतिक और तकनीकी दोनों तरह के हथियार पता लगाने के उपाय शामिल हों। ऐसे उपायों में मेटल डिटेक्टर्स, उन्नत इमेजिंग और क्राउड मानीटरिंग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स शामिल हो सकते हैं। प्रौद्योगिकी से चाकू का पता लगाना मुश्किल हो सकता है। इसलिए, समर्पित मानव निगरानी आवश्यक बनी रहती है। सुनिश्चित करें कि तैनाती से पहले सभी निगरानी विधियाँ - जिसमें आँखों से और संभवतः प्रौद्योगिकी-सक्षम विधियाँ शामिल हैं - उचित गोपनीयता, नागरिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

## प्रशिक्षण और अभ्यास

**कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षित करें जिससे कि संभावित रूप से संदिग्ध व्यवहारों की वे पहचान कर सकें।** सुनिश्चित करें कि कर्मचारी फैसिलिटी की सक्रिय हमलावर आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना से पूरी तरह अवगत हों; नियमित कर्मचारी प्रशिक्षण के भाग के रूप में STOP THE BLEED®, साथ ही साइट पर अन्य प्रमुख प्राथमिक चिकित्सा निर्देश प्रदान करें।

धारदार हथियार के खतरे के प्रति कार्रवाई बेहतर बनाने के लिए किसी भी संभावित सर्वोत्तम अभ्यासों या क्षेत्रों की पहचान करने के लिए **कर्मचारियों से नियमित रूप से आपातकालीन योजनाओं का अभ्यास करवाएं।**

यदि कोई व्यक्ति सीधे तौर पर लोगों से परेशान करने वाले तरीके व्यवहार कर रहा है, तो टकराव की रोकथाम के लिए सर्वोत्तम **अभ्यासों को सामााजिक और संसर्गशील बनाएं। यदि संभव हो,** तो स्थिति के तनाव को कम करने के लिए संवाद करें। अधिक जानकारी के लिए CISA की डी-एस्केलेशन सीरीज़ एंड वायलेंस प्रिवेंशन थ्रू डी-एस्केलेशन वीडियो देखें।

## कार्रवाई

**समय लगाएं:** दूरी बनाने के लिए मौखिक संचार और शारीरिक भाषा का उपयोग करें और अतिरिक्त कार्रवाई विकल्पों की अनुमति दें।

**यदि धारदार हथियार के खतरे का सामना** करना पड़ जाए, तो अपने और किसी भी ऐसे व्यक्ति के बीच यथासंभव शारीरिक दूरी बनाएं जिसकी धारदार या अन्य हथियार रखने वाले व्यक्ति के रूप में पहचान हुई है। जैसे ही सुरक्षित तरीके से कॉल करना संभव हो, 9-1-1 पर संपर्क करें।

**सूचना दें:** यदि कोई अपराध होता है, तो स्थानीय कानून प्रवर्तन को उसकी सूचना **दें।**

**अधिक जानकारी के लिए,** CISA की पर्सनल सिक्योरिटी कन्सिडरेशंस एक्शन गाइड: क्रिटिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्कर्स देखें।

## अतिरिक्त संसाधन

अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखें:

**CISA –** **फिजिकल सिक्योरिटी कन्सिडरेशंस फॉर टेम्परेरी फसिलीटीज़:** वह संसाधन जो किफायती सुरक्षा उपायोंके बारे में, विशेष रूप से पॉप-अप या अस्थायी कार्यक्रमों के लिए, जानकारी प्रदान करता है।

**CISA –** **प्रोटेक्टिव सिक्योरिटी एडवाइजर्स :** स्थानीय सुरक्षा विषय विशेषज्ञ और अन्य पेशेवर जो इन आंकलनों में सहायता कर सकते हैं और आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने वाले उपायों को लागू करने में मदद कर सकते हैं।

**CISA –** **पब्लिक वेन्यू सिक्योरिटी स्क्रीनिंग गाइड एंड टचलेस स्क्रीनिंग एनेक्स:** वह मार्गदर्शिका जो किफायती उपायों और उचित जांच पद्धतियों पर कर्मियों को प्रशिक्षित करने के तरीके के बारे में जानकारी प्रदान करती है ।

**CISA –** **सिक्योरिंग पब्लिक गैद्रिंग्स :** वह वेबपेज जो सार्वजनिक समारोहों को सुरक्षित करने के लिए संसाधनों का सार- संग्रह दिखाता है।

**CISA –** **सिक्योरिटी प्लानिंग वर्कबुक:** वह व्यापक संसाधन जिससे महत्वपूर्ण अवसंरचना स्वामियों और संचालकों को मूलभूत सुरक्षा योजना तैयार करने में मदद मिलती है। यह वर्कबुक अधिकांश फैसिलिटीज़ की आवश्यकताओं के अनुरूप लचीली और मापनीय बनाई गई है।

**CISA –** **एक्टिव असाइलेंट सिक्योरिटी रसोर्सेज़:** वह वेबपेज जो महत्वपूर्ण अवसंरचना समुदाय को आतंकवादियों और अन्य चरमपंथी कर्ताओं द्वारा प्रयुक्त हमले के संचालनों, साथ ही साथ अनुशंसित सुरक्षात्मक उपायों के बारे में भी जानकारी प्रदान करता है।

**CISA –** **वायलेंस प्रिवेंशन थ्रू डी-एस्केलेशन (वीडियो):** वह ट्रेनिंग वीडियो जो कर्मचारियों की चिंताजनक व्यवहारों की पहचान करने और संभावित रूप से शत्रुतापूर्ण घटनाओं से होने वाला जोखिम सीमित करने में मदद करता है।

**CISA –** **टेबलटॉप एक्सरसाइज़ पैकेजेस (CTEP):** CTEP चर्चा-आधारित एक्सरसाइज़ टेम्पलेट्स का सेट है जो विभिन्न प्रकार के खतरे की स्थितियों पर विचार करने में फायदेमंद हो सकता है।

**DHS –** **STOP THE BLEED®:** STOP THE BLEED® जमीनी स्तर का राष्ट्रीय जागरूकता अभियान और कार्रवाई का आह्वान है। यह लोगों को पेशेवर मदद मिलने से पहले रक्तस्राव की आपात स्थिति में मदद करने के लिए प्रशिक्षित, सुसज्जित और सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**NCTC –** **फर्स्ट रिस्पॉन्डर टूलबॉक्स – टेररिस्ट मेसेजेस अर्ज्स यूज़ ऑफ एज्ड वेपन्स** का आग्रह करता है: प्रतिक्रियाकर्ताओं के लिए धारदार हथियार रखने वाले शत्रुतापूर्ण लोगों के साथ मुठभेड़ों के लिए विचारााार, उनसे बातचीत करने और प्रशिशिक्षत करने का संसाधन ।

**NPSA –** **मारौडिंग टेररिस्ट अटैक (MTA) वेब रिसोर्सेज़ :** वह संसाधन जो धारदार हथियारों से हमले से पहले, हमले के दौरान और उसके बाद में क्या करना है, इस पर मार्गदर्शन प्रदान करता है।

1 सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक हमले (2016-2020), जनवरी 2023 को प्रकाशित, https://www.secretservice.gov/newsroom/reports/threat-assessments/mass-attacks-public-spaces/details-1.

2 कॉमरफोर्ड, नदीन और स्मिथ, अलेक्जेंडर। “सेंट क्लाउड, मिनेसोटा में चाकूबाजी के संदिग्ध के रूप में पुलिस ने दाहिर अहमद अदन का नाम लिया।” NBC न्यूज़ सितंबर 20, 2016. https://www.nbcnews.com/news/us-news/dahir-ahmed-adan-named-police-st-cloud-minnesota-stabbing-suspect-n651061.

3 U.S. डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस, ऑफिस ऑफ पब्लिक अफेयर्स। "मेन के उस व्यक्ति के खिलाफ संघीय आरोप घोषित किए गए, जिसने जिहाद के नाम पर नव वर्ष की पूर्व संध्या पर टाइम्स स्क्वायर में छूरी से हमला किया था।" DOJ [प्रेस विज्ञप्ति]. जनवरी 10, 2023. https://www.justice.gov/opa/pr/federal-charges-announced-against-maine-man-who-carried-out-machete-attack-times-square-new.

4 “रुस्टन की लुइसियाना टेक यूनिवर्सिटी में कम से कम चार लोगों पर चाकू से हमला; संदिग्ध हिरासत में।” द असोसिएडिड प्रेस. Usnews.com. नवंबर 13, 2023. https://www.usnews. com/news/best-states/louisiana/ articles/2023-11-13/at-least-four-people-stabbed-at-louisiana-tech-university-in-ruston-suspect-in-custody.

5 WTOP न्यूज़। "मनासास ट्रेड स्कूल में चाकू मारने से एक व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल; संदिग्ध को पुलिस ने गोली मारी।" फरवरी 13, 2024. https://wtop.com/prince-william-county/2024/02/2-men-stabbed-at-manassas-training-center-suspect-shot-dead-by-police/.

6 जॉन क्लार्क और जेस लिपज़िन, "वीडियो में रॉकफोर्ड वॉलमार्ट में चाकूबाजी करने वाला संदिग्ध हत्या के बाद सिक्योरिटी के सामने आत्मसमर्पण करते दिखा," mystateline.com, 27 मार्च, 2024. https://www.mystateline.com/news/ local-news/video-shows-rockford-walmart-stabbing-suspect-surrender-to-security-after-murder/.

7 रेन्जु जोस और लुईस जैक्सन, "पुलिस का कहना है कि सिडनी में चाकू से हमला करने वाला हमलावर महिलाओं को निशाना बनाते लगता था।" Reuters. अप्रैल 15, 2024. https://www.reuters.com/world/asia-pacific/ australian-police-say-sydney-knife-attacker-may-have-targeted-women-2024-04-15/.

8 लिन्सी चुटेल, "साउथपोर्ट चाकूबाजी: यू.के. में चाकू से हमले और संदिग्ध के बारे में हम क्या जानते हैं।" द न्यू यॉर्क टाइम्स. जुलाई 30, 2024. https://www.nytimes.com/2024/07/30/ world/europe/southport-stabbing-uk-suspect. html.

9 “अभियोक्ताओं का कहना है कि जर्मनी में चाकू से घातकहमले का संदिग्ध ISIS आतंकी समूह से प्रेरित था।” CBS न्यूज़. अगस्त 25, 2024. https://www.cbsnews.com/news/germany solingen-knife-attack-latest/.